भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3490

जिसका उत्तर 24.03.2022 को दिया जाना है

दादरा और नगर हवेली में नए राष्ट्रीय राजमार्ग

3490. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान दादरा और नगर हवेली को राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) से जोड़ने के लिए नए राज्य राजमार्गों (एसएच) के निर्माण के लिए तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और ऐसे निर्मित राज्य राजमार्गों की संख्या कितनी है;
(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान दादरा और नगर हवेली में क्रियान्वित की जा रही ग्रामीण सड़क परियोजनाओं का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;
(घ) लंबित परियोजनाओं, यदि कोई हों, के कब तक पूरा होने की संभावना है; और
(ड.) उक्त अवधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ दादरा और नगर हवेली के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। सभी राज्य राजमार्ग संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों की जिम्मेदारी हैं।

*****